# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 08.03.2025

## प्रकाशनार्थ

### महिला सशक्तिकरण:समाज की प्रगति की कुंजी– डॉ.कामिनी सिंह

**दिनांक 08.03.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के तीसरे दिन का प्रारंभ प्रार्थना सभा व लक्ष्यगीत के साथ हुआ। तत्पश्चात स्वयं सेवक व स्वयं सेविकाओं को योग व आत्मरक्षा अभ्यास कराया गया।**

पुनः **विश्व महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण विषय पर खुली परिचर्चा एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन स्वंसेवक व स्वयं सेविकाओ के मध्य कराया गया** एवं पोस्टर की प्रदर्शनी लागई गयीं जिसका निरीक्षण दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की प्राचीन इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग की पूर्व अध्यक्ष प्रो. विपला दुबे जी एवं दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह एवं महाविद्यालय की सभी महिला प्राध्यापक रही।

**निरक्षण कर्ता टीम के द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर जिज्ञासा यादव, जीविका यादव व सुहानी चौधरी की टीम रही व दूसरे स्थान पर सृष्टि सिंह, सृष्टि राव व श्वेता की टीम रही। तीसरे स्थान पर रुबिका, तान्या व शिवांगी की टीम रही। प्रतियोगिता का सांत्वना पुरस्कार विवेक प्रजापति, प्रिंस व मृदुल की टीम को मिला।**

तृतीय दिवस के बौधिक सत्र में महाविद्यालय के प्रचीन इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग की सहायक आचार्य डॉ. कामिनी सिंह रही। **डॉ कामिनी सिंह ने महिला सशक्तिकरण विषय के सभी पहलुओ पर अपनी विचार रखते हुए कही कि** महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाना है। यह उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर निर्णय लेने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। शिक्षा, रोजगार, समान अधिकार और सुरक्षा महिलाओं के सशक्तिकरण के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। सरकार ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'उज्ज्वला योजना' और 'महिला हेल्पलाइन' जैसी योजनाएँ लागू की हैं। सशक्त महिलाएँ न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी योगदान देती हैं। वास्तविक सशक्तिकरण तभी संभव है जब महिलाओं को बराबरी का सम्मान और अवसर प्राप्त होंगे।

**कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. निधि राय ने किया। इस अवसर पर वरिष्ट कार्यक्रम अधिकारी डॉ पीयूष सिंह व प्रदीप यादव व चारो इकाईयों के स्वयंसेवक व स्वयं सेविका अनुराग मिश्रा, प्रफुल्ल त्रिपाठी, रुबिका कुमारी, प्रिया गुप्ता, आकृति राय, शिखा राय, सृष्टि राव, शिवांगी यादव आदि उपस्थित रहे।**

**(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह**
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क